Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide the fund of Rs. 1103 Crore amount for the drinking water scheme part two Bilaspur Jaipur.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): सभापति महोदय, मैं जिस लोक सभा क्षेत्र से आता हूं, वह शहरी लोक सभा क्षेत्र है । यहां पर पानी की मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति टोंक जिले के बीसलपुर बांध से होती है । एक पाइपलाइन होने के नाते, यहां पर जब मेंटीनेंस का काम चालू होता है, तो 25 से 60 घंटे तक पानी की सप्लाई बंद रहती है, जिससे काफी परेशानी होती है ।

उक्त समस्या के स्थायी निराकरण के लिए बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना के द्वितीय चरण के प्रस्ताव लम्बित हैं, जिसमें बीसलपुर से बालावाला तक समानान्तर दूसरी पाइपलाइन डाली जानी है । उक्त लाइन के लिए 1,103 करोड़ की राशि शहरी विकास मंत्रालय, केंद्र सरकार को जायका से वित्त पोषण हेतु लम्बित है । जयपुर शहर की पेयजल व्यवस्था का स्थायी समाधान यही है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा सम्बल दिए जाने से जयपुर लोक सभा क्षेत्र के साथ-साथ, जयुपर शहर, जयपुर ग्रामीण, टोंक, सवाईमाधोपुर जिले की जनता को भी लाभ मिलेगा ।

मेरा आपसे निवेदन है कि उक्त 1103 करोड़ रुपये की राशि बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना के द्वितीय चरण हेतु सरकार वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का श्रम करे । बहुत-बहुत धन्यवाद ।